Postal Reg. No.GDP -45/2020-2022

अल्लाह तआला का आदेश

وَلِلّٰهِ مَا فِي السَّمٰوٰتِ وَمَا فِي الْاَرْضِ ۚ يَغْفِرُ لِمَنْ يَّشَآءُ وَيُعَذِّبُ مَنْ يَّشَآءُ ۚ وَاللّٰهُ غَفُوْرٌ رَّحِيْمٌ۔

(सूरत आले-इम्रान आयत :130)

अनुवाद: और अल्लाह ही का है जो आकाशों और ज़मीन में है वह जिसे चाहता है क्षमा कर देता है और जिसे चाहता है आज़ाब देता है और अल्लाह बहुत क्षमा करने वाला और बार बार रहम करने वाला है।

بِسۡمِ اللّٰہِ الرَّحۡمٰنِ الرَّحِیۡمِ نَحۡمَدُہٗ وَنُصَلِّیۡ عَلٰی رَسُوۡلِہِ الۡکَرِیۡمِ وَعَلٰی عَبۡدِہِ الۡمَسِیۡحِ الۡمَوۡعُوۡدِ

وَلَقَدۡ نَصَرَکُمُ اللّٰہُ بِبَدۡرٍ وَّاَنۡتُمۡ اَذِلَّۃٌ

वर्ष 5

साप्ताहिक क़ादियान

बदर

Weekly BADAR Qadian HINDI

अंक 14

संपादक शेख़ मुजाहिद अहमद

मूल्य 500 रुपए वार्षिक

8 शअबान 1441 हिजरी कमरी 2 शहादत 1399 हिजरी शमसी 2 अप्रैल 2020 ई.

अख़बार-ए-अहमदिया

रूहानी ख़लीफ़ा इमाम जमाअत अहमदिया हज़रत मिर्ज़ा मसरूर अहमद साहिब ख़लीफ़तुल मसीह ख़ामिस अय्यदहुल्लाह तआला बेनस्रेहिल;ल अज़ीज सकुशल हैं। अलहम्दोलिल्लाह। अल्लाह तआला हुज़ूर को सेहत तथा सलामती से रखे तथा प्रत्येक क्षण अपना फ़जल नाज़िल करे। आमीन

मुजरिम वह है जो अपनी ज़िन्दगी में ख़ुदा तआला से अपना सम्बन्ध काट ले।
अत: अगर ख़ुदा तआला से व्यावहारिक तौर पर बेज़ारी ज़ाहिर करता है तो समझ ले कि ख़ुदा तआला भी इस से बेज़ार है और अगर ख़ुदा तआला से मुहब्बत करता है और पानी की तरह उस की तरफ़ झुकता है तो समझ ले कि वह मेहरबान है। ख़ुदा तआला अपनी तरफ़ आने वाले की चेष्टा और कोशिश को नष्ट नहीं करता यह संभव है कि ज़मीन दार अपना खेत नष्ट कर ले। नौकर निलम्बित हो कर नुक़्सान पहुँचाए।

उपदेश सय्यदना हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम

मुजरिम वह है जो अपनी ज़िन्दगी में ख़ुदा तआला से अपना सम्बन्ध विच्छेद कर ले

मुजरिम वह है जो अपनी ज़िन्दगी में ख़ुदा तआला से अपना सम्बन्ध काट ले। इस को तो हुक्म था कि वह ख़ुदा तआला के लिए हो जाता और सच्चों के साथ हो जाता मगर वह हवस का बंदा बन कर रहा और बुरों और ख़ुदा और रसूल के दुश्मनों से मुवाफ़िक़त करता रहा। मानो उसने अपने व्यवहार से दिखा दिया कि ख़ुदा तआला से विच्छेद कर लिया है। यह एक अल्लाह की आदत है कि इन्सान जिधर क़दम उठाता है इस के विपरीत तरफ से वह दूर होता जाता है। वह ख़ुदा तआला की तरफ़ से अलग हो कर अगर नफ़सानी इच्छाओं का बंदा होता है तो ख़ुदा इस से दूर होता जाता है और जैसे-जैसे इधर सम्बन्ध बढ़ते हैं उधर कम होते हैं। यह प्रसिद्ध बात है कि दिल रा बदल रहे अस्त। अत: अगर ख़ुदा तआला से व्यावहारिक तौर पर बेज़ारी ज़ाहिर करता है तो समझ ले कि ख़ुदा तआला भी इस से बेज़ार है और अगर ख़ुदा तआला से मुहब्बत करता है और पानी की तरह उस की तरफ़ झुकता है तो समझ ले कि वह मेहरबान है। मुहब्बत करने वाले से अधिक अल्लाह तआला उस को मुहब्बत करता है। वह वह ख़ुदा है कि अपने प्यारों पर बरकतें नाज़िल करता है और उनको महसूस करा देता है कि ख़ुदा उनके साथ है। यहां तक कि उनके कलाम में ,उनके होंठों में बरकत रख देता है और लोग उस के कपड़ों और इस की हर बात से बरकत पाते हैं। उम्मते मुहम्मदिया में इस का स्पष्ट सबूत इस वक़्त तक मौजूद है कि जो ख़ुदा के लिए होता है ख़ुदा उस का हो जाता है।

ख़ुदा की तरफ़ कोशिश करने वाला कभी भी असफल नहीं रहता

ख़ुदा तआला अपनी तरफ़ आने वाले की चेष्टा और कोशिश को नष्ट नहीं करता यह संभव है कि ज़मीन दार अपना खेत नष्ट कर ले। नौकर निलम्बित हो कर नुक़्सान पहुँचाए। परीक्षा देने वाला सफल न हो मगर ख़ुदा की तरफ़ कोशिश करने वाला कभी भी असफल नहीं रहता। इस का सच्चा वादा है कि اَلَّذِيْنَ جَاهَدُوْا فِيْنَا لَنَهْدِيَنَّهُمْ سُبُلَنَا (अल्अनकबूत: 70) ख़ुदा तआला की राहों की तलाश में जो चेष्टा करता है , वह आख़िर मंज़िल मक़्सूद पर पहुंचा। सांसारिक इम्तहानों के लिए तैयारियां करने वाले, रातों को दिन बना देने वाले छात्रों की मेहनत और हालत को हम देखकर रहम खा सकते हैं तो क्या अल्लाह तआला जिसका रहम और फ़ज़ल बेहद और बेअन्त है अपनी तरफ़ आने वाले को नष्ट कर देगा? हरगिज़ नहीं। हरगिज़ नहीं। अल्लाह तआला किसी की मेहनत को नष्ट नहीं करता। اِنَّ اللّٰهَ لَا يُضِيْعُ اَجْرَ الْمُحْسِنِيْنَ (अत्तौब: 120) مَنْ يَّعْمَلْ مِثْقَالَ ذَرَّةٍ خَيْرًا يَّرَهٗ (अज़्ज़लज़ाल: 8) हम देखते हैं कि हर साल हज़ारों छात्र सालों साल की मेहनतों और कोशिशों पर पानी फिरता हुआ देखकर रोते रह जाते हैं और आत्महत्या कर लेते हैं। मगर अल्लाह तआला का असीम फ़ज़ल ऐसा है कि वह थोड़ा से कर्म को भी नष्ट नहीं करता। फिर किस क़दर अफ़सोस का स्थान है कि इन्सान दुनिया में काल्पनिक और वहमी बातों की तरफ़ तो इस क़दर शौक रख कर चाहने वाला हो कर मेहनत करता है कि आराम अपने ऊपर मानो हराम कर लेता है और सिर्फ ख़ुशक उम्मीद पर कि शायद कामयाब हो जाएं, हज़ारों कष्ट और दु:ख उठाता है। व्यापारी लाभ की उम्मीद पर लाखों रुपए लगा देता है मगर यक़ीन उसे भी नहीं होता कि ज़रूर लाभ ही होगा। मगर ख़ुदा तआला की तरफ़ जाने वाले की (जिसके वादा यक़ीनी और मज़बूत हैं कि जिसकी तरफ़ क़दम उठाने वाले की ज़रा भी मेहनत नष्ट नहीं जाती) में इस क़दर दौड़ धूप और सरगर्मी नहीं पाता हूँ। ये लोग क्यों नहीं समझते? वे क्यों नहीं डरते कि आख़िर एक दिन मरना है। क्या वे इन असफलताओं को देखकर भी इस व्यापार की फ़िक्र में नहीं लग सकते। जहां हानि का नाम तथा निशान ही नहीं और लाभ यक़ीनी है। ज़मीन्दार कितनी मेहनत से काशतकारी करता है मगर कौन कह सकता है कि नतीजा ज़रूर राहत ही होगा।

अल्लाह तआला कैसा रहीम है और यह कैसा ख़ज़ाना है कि कोड़ी भी जमा हो सकती है। रुपया और अशर्फ़ी भी। न चोर चकार का अंदेशा न ये ख़तरा है कि दीवाला निकल जाएगा। हदीस में आया है कि अगर कोई एक कांटा रास्ता से हटाए तो इस का भी सवाब उस को दिया जाता है। और पानी निकालता हुआ अगर एक डोल अपने भाई के घड़े में डाल दे तो ख़ुदा तआला उस का भी बदला नष्ट नहीं करता। अत: याद रखो कि वह मार्ग जहां इन्सान कभी असफल नहीं हो सकता वह ख़ुदा का मार्ग है। दुनिया की शाहराह ऐसी है जहां क़दम क़दम पर ठोकरें और नाकामियों की चट्टानें हैं। वे लोग जिन्होंने सल्तनतों तक को छोड़ दिया आख़िर बेवक़ूफ़ तो न थे। जैसे इब्राहीम अदहम, शाह शुजाअ, शाह अब्दुल अज़ीज़ जो मुजद्दिद भी कहलाते हैं। हुकूमत , सल्तनत और दुनिया के वैभव को छोड़ बैठे। इस की यही वजह तो थी कि हर क़दम पर एक ठोकर मौजूद है। ख़ुदा एक मोती है इस की मार्फ़त के बाद इन्सान दुनियावी चीजों को ऐसी हीनता और ज़िल्लत से देखता है कि उनके देखने के लिए भी उसे तबीयत पर एक जबर और कष्ट करना पड़ता है। अत: ख़ुदा तआला की मार्फ़त चाहो और इस की तरफ़ ही क़दम उठाओ कि कामयाबी इसी में है।

(मल्फ़ूज़ात भाग 1 पृष्ठ 125 से 127 प्रकाशन कादियान)

जमील अहमद नासिर प्रिंटर एवं पब्लिशर ने फ़ज़्ल-ए-उमर प्रिंटिंग प्रेस क़ादियान में छपवा कर दफ़्तर अख़बार बदर से प्रकाशित किया। प्रौपराइटर - निगरान बदर बोर्ड क़ादियान

सय्यदना हज़रत अमीरुल मोमिनीन ख़लीफतुल मसीह अल्ख़ामिस अय्यदहुल्लाह तआला बेनस्त्ररेहिल अज़ीज़ का अमरीका का सफर जर्मनी, जुलाई 2018 ई (भाग-7)

क्या ही उत्तम तक़रीर थी, हुज़ूर अनवर ने to the point बात की, ऐसी तक़रीर बहुत कम सुनने में मिलती है।

जलसा में शामिल होने के बाद यह विश्वास हो गया है कि औरत को जो स्थान इस्लाम देता है वह अन्य धर्मों और पश्चिमी समाज से बहुत बुलंद है।

हुज़ूर अनवर निहायत ज़हीन और व्यापक नज़र वाले इन्सान हैं , आप दूर अंदेश हैं,आपका ख़िताब इस के अनुसार था।

विश्वव्यापी बैअत एक चमत्कार है,जमाअत में आपसी मुहब्बत बहुत अधिक है, आप लोगों के चेहरों पर हमेशा रहती है।

मुसलमानों को चाहिए कि अहमदियों का जो दृष्टिकोण है इस को अपनाएं ,हमने ख़लीफ़तुल मसीह की समस्त तक़ारीर सुनी हैं हम ने महसूस किया है कि जो ख़लीफ़ा ने वर्णन किया है वह सारी दुनिया को बताने की ज़रूरत है।

हुज़ूर से मुलाक़ात के बाद आपकी सादगी और मिलनसारी से बेहद प्रभावित हुई हूँ और वास्तव में आपकी शख़्सियत का सम्मान जो मेरा ख़्याल था इस से अधिक है।

आप लोगों की मेहमान-नवाज़ी लाजवाब थी, आप लोगों के अल्लाह तआला पर मज़बूत ईमान और अल्लाह तआला की राह में जो काम आप सरअंजाम रहे हैं। इस को देखकर में बहुत ही ख़ुश हुआ हूँ, इमाम जमाअत अहमदिया के ख़िताब अक़्ल तथा फ़िरासत से भरे हुए थे।

मैं विभिन्न आयोजनों और प्रोग्रामों में शामिल हुआ हूँ, जो मुहब्बत और इन्सानियत का सम्मान, बराबरी और भाई चारा यहां जलसा के अवसर पर देखी है ऐसा कभी भी कहीं भी अपनी ज़िन्दगी में नहीं देखी।

मैंने आज तक कभी ऐसा मुनज़्ज़म और उच्च स्तर का इज्तिमा नहीं देखा जिसमें हज़ारों लोग सम्मलित हों और हर तरफ़ मुहब्बत और भाई चारे का प्रकटन हो।

अहमदियत एक बहुत ही प्रभावित करने वाली इन्क़िलाबी तहरीक है,अहमदियत आज इस्लाम की रक्षा में सूचि में सब से पहले दिखाई देती है।

जलसा सालाना जर्मनी पर आने वाले अहमदी , ग़ैर अहमदी और ग़ैर मुस्लिम सम्मानीनय मेहमानों के बहुत ईमान वर्धक प्रतिक्रियाएं।

(रिपोर्ट: अब्दुल माजिद ताहिर, एडिशनल वकीलुत्तबशीर लंदन)

(अनुवादक शेख मुजाहिद अहमद शास्त्री)

जलसा सालाना जर्मनी के अवसर पर मीडिया कवरेज

जलसा सालाना जर्मनी की इलैक्ट्रॉनिक और प्रिंट मीडिया और सोशल मीडिया में बड़े व्यापक स्तर पर कवरेज हुई।

जर्मनी में कुल13 मीडिया outlets पर जलसा की कवरेज हुई

इस में जर्मनी के सबसे अधिक पढ़े जानेवाले अख़बार FAZ से लेकर कुछ लोकल अख़बारों, ऑनलाइन अख़बारों और मैगज़ीन भी शामिल हैं।

इस के इलावा प्रान्तीय टीवी SWR पर भी ख़बर प्रसारित हुई और इस की वेबसाइट पर आर्टीकल के साथ ख़बर लगाई गई।

जर्मनी के इलावा इटली, चीन और सलवाकिया के ऑनलाइन अख़बारों में भी जलसा के बारे में से ख़बरें प्रकाशित हुईं। एक अनुमान के अनुसार इन समस्त media outlets की पहुंच 2 करोड़ 26 लाख से अधिक लोगों तक है।

एम टी ए (अफ़्रीक़ा) के द्वारा भी अफ़्रीक़ा के देशों में कवरेज हुई है।

एम टी ए अफ़्रीक़ा टीम ने अफ़्रीक़ा भर में नैशनल टीवी चैनल्ज़ को दैनिक की बुनियाद पर जलसा सालाना जर्मनी के बारे में से रिपोर्टें बना कर उपलब्ध कीं जोकि निम्नलिखित नैशनल टीवी चैनल्ज़ पर ये रिपोर्टें प्रसारित हुईं।

(1)घाना नैशनल टेलीविज़न(2) सेरालियून नैशनल टेलीविज़न(3) गेम्बया नैशनल टेलीविज़न(4) योगंडा नैशनल टेलीविज़न(5) रवांडा नैशनल टेलीविज़न

जलसा के बारे में से रिपोर्टें विशेष न्यूज़ बल्टन में प्रसारित हुईं। इन टीवी चैनलों को देखने वालों की संख्या 30 मिलियन से अधिक है। सेरालियून के नैशनल टैलीविज़न और अन्य दो नैशनल टीवी चैनल्ज़ पर जलसा सालाना जर्मनी की कार्रवाई दैनिक चौबीस घंटे प्रसारित की जाती रही।

इस साल पहली बार जलसा सालाना जर्मनी के प्रसारण अफ़्रीकन भाषाओं में अनुवाद के साथ प्रसारित हुईं। पहली बार जलसा के तीनों दिन एम टी ए स्टूडियो के समस्त प्रोग्राम जिस मेंstudio discussion भी शामिल हैं Twi यूरोबा और सिवा हेली भाषाओं में अनुवाद के साथ प्रसारित हुए।

रिसाला रिव्यू आफ़ रेलीजिंज़ के द्वारा भी सोशल मीडिया पर व्यापक स्तर पर कवरेज हुई है।

इस साल अंग्रेज़ी, स्पेनिश और जर्मन ऐडीशन की वैबसाईटस पर जलसा सालाना की कवरेज की गई।

हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाह तआला बेनस्त्रेहिल अज़ीज़ के दौरा के दौरान विभिन्न व्यस्तताएं जिसमें वफ़दों के साथ मुलाक़ातें, व्यक्तिगत मुलाक़ातें और आमीन इत्यादि के प्रोग्राम के बारे में से संक्षिप्त13 वीडीयो बनाई गईं।

इसके इलावा 21 नए आर्टीकल डाले गए।

सोशल मीडिया पर भी115से अधिक पोस्टें डाली गईं

इन वीडियो, आर्टीकलों और सोशल मीडिया की posts के द्वारा 7 लाख 30 हज़ार के क़रीब लोगों तक पैग़ाम पहुंचा जिसमें कोशिश की गई थी कि पैग़ाम ग़ैर मुस्लिम और पश्चिमी देशों के लोगों को जाए। इस संख्या में निरन्तर वृद्धि हो रही है और अंदाज़े के अनुसार अगली यह संख्या एक मिलियन तक हो जाएगी। इंशा अल्लाह

08 जुलाई 2019 ई(दिनांक सोमवार)

हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाह तआला बेनस्त्रेहिल अज़ीज़ ने सुबह सवा चार बजे तशरीफ़ ला कर नमाज़ फ़ज्र पढ़ाई। नमाज़ की अदायगी के बाद हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाह तआला अपनी रिहायश गाह पर तशरीफ़ ले गए। सुबह हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाह तआला बेनस्त्रेहिल अज़ीज़ ने दफ़्तरी डाक, ख़ुतों और रिपोर्टों को देखा और हिदायतों से नवाज़ा। और हुज़ूर अनवर की विभिन्न दफ़्तरी मामलों को पूरा करने में व्यस्तता रही।

आज प्रोग्राम के अनुसार विभिन्न देशों से आने वाले वफ़दों की हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाह तआला बेनस्त्रेहिल अज़ीज़ से मुलाक़ातें थीं।हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाह

शेष पृष्ठ 8 पर

ख़ुत्बः जुमअः

मुसअब बिन उमैर रज़ि अल्लाह तआला अन्हो ..वही नौजवान बुज़ुर्ग हैं

जो हिजरत से पहले यसरिब में पहले इस्लामी मुबल्लिग़ बना कर भेजे गए और जिनके द्वारा मदीना में इस्लाम फैला।

हज़रत मुसअब बिन उमैर रज़ि मदीना में पहले आदमी थे जिन्हों ने हिजरत से पहले जुम्अः पढ़ाया।

रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम हज़रत मुसअब बिन उमैर रज़ि को याद करते तो फ़रमाया करते थे कि मैंने मुसअब से ज़्यादा हसीन तथा सुन्दर और नाज़ तथा नेअमत और सुविधाओं मैं पला कोई नहीं देखा।

सुन्दर और हसीन और अपने ख़ानदान में प्रिय एवं महबूब समझे जाने वाले इख़लास एवं वफ़ा के पैकर बदरी सहाबी हज़रत मुसअब बिन उमैर रज़ि अल्लाह अन्हो की मुबारक सीरत का वर्णन।

ओस कबीला के रईसों सअद बिन मआज़ और उसैद बिन अलहुज़ैर रज़ी अल्लाह अन्हुमा की ईमान वर्धक घटना का वर्णन

ख़िलाफ़त निज़ाम और जमाअत के निज़ाम की अत्यधिक पाबंदी और इताअत करने वाले दो बुज़ुर्गान ,वक़्फ़ का हक़ अदा करने वाले नायब नाज़िर ज़याफ़त आदरणीय मलिक मुनव्वर अहमद साहिब और मेहनत और इख़लास एवं वफ़ा के साथ धर्म की ख़िदमत करने की तौफ़ीक़ पाने वाले प्रोफ़ैसर मुनव्वर शमीम ख़ालिद साहिब की वफ़ात। मरहूमीन का ज़िक्रे ख़ैर और नमाज़-ए-जनाज़ा ग़ायब

ख़ुत्बः जुमअः सय्यदना अमीरुल मो'मिनीन हज़रत मिर्ज़ा मसरूर अहमद ख़लीफ़तुल मसीह पंचम अय्यदहुल्लाहो तआला बिनस्त्रिहिल अज़ीज़, दिनांक 28 फरवरी 2020 ई. स्थान - मस्जिद मुबारक इस्लामाबाद सिर्रे (यू. के)

أَشْهَدُ أَنْ لَّا إِلٰهَ إِلَّا اللّٰهُ وَحْدَهٗ لَا شَرِيكَ لَهٗ وَأَشْهَدُ أَنَّ مُحَمَّدًا عَبْدُهٗ وَرَسُوْلُهٗ۔
أَمَّا بَعْدُ فَأَعُوْذُ بِاللّٰهِ مِنَ الشَّيْطٰنِ الرَّجِيْمِ۔ بِسْمِ اللّٰهِ الرَّحْمٰنِ الرَّحِيْمِ۔ اَلْحَمْدُ لِلّٰهِ
رَبِّ الْعَالَمِيْنَ۔ اَلرَّحْمٰنِ الرَّحِيْمِ۔ مٰلِكِ يَوْمِ الدِّيْنِ۔ اِيَّاكَ نَعْبُدُ وَاِيَّاكَ نَسْتَعِيْنُ۔
اِهْدِنَا الصِّرَاطَ الْمُسْتَقِيْمَ۔ صِرَاطَ الَّذِيْنَ اَنْعَمْتَ عَلَيْهِمْ۔ غَيْرِ الْمَغْضُوْبِ عَلَيْهِمْ
وَلَا الضَّآلِّيْنَ

आज जिन सहाबी का वर्णन होगा उनका नाम है हज़रत मुसअब बिन उमैर रज़ि। हज़रत मुसअब बिन उमैर रज़ि का सम्बन्ध क़ुरैश के क़बीला बनू अब्दुल दार से था। हज़रत मुसअब बिन उमैर रज़ि की कुनिय्यत अबू अब्दुल्लाह थी। इस के अतिरिक्त उनकी कुनिय्यत अबू मुहम्मद भी वर्णन की जाती है। हज़रत मुसअब रज़ि के पिता का नाम उमैर रज़ि बिन हाशिम और उनकी माता का नाम ख़न्नास या हन्नास स पुत्री मालिक था जो मक्का की एक मालदार औरत थीं। हज़रत मुसअब बिन उमैर रज़ि के माता पिता उनसे बहुत मुहब्बत करते थे। हज़रत मुसअब बिन उमैर रज़ि की माता ने उनकी परवरिश बड़े शान शौकत से की। वह उन्हें बेहतरीन पोशाक और क़ीमती लिबास पहनाती थीं और हज़रत मुसअब रज़ि मक्का की उच्च स्तर की ख़ुशबू प्रयोग करते और हज़रमी जूता जो हिज्र मूत के इलाक़े का बना हुआ जूता था, उमैर रज़ि लोगों के लिए विशेष था , वहां से मंगवा के पहना करते थे। हिज्र मूत अदन से पूर्व की तरफ़ समुंद्र के निकट एक व्यापक इलाक़ा है। बहरहाल उत्तम लिबास, उत्तम ख़ुशबू और जूता तक वह बाहर से मंगवाया करते थे। हज़रत मुसअब बिन उमैर रज़ि की बीवी का नाम हम्ना पुत्री जह्श था जो रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम की पवित्र पत्नी उम्मुल मोमिनीन हज़रत ज़ैनब बिन्त जह्श की बहन थीं। हम्ना बिन्त जह्श से एक बेटी ज़ैनब पैदा हुईं। रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम हज़रत मुसअब बिन उमैर रज़ि को याद करते तो फ़रमाया करते थे कि मैं ने मुसअब से ज़्यादा हसीन तथा सुन्दर और नाज़ तथा नेअमत और सुविधाओं मैं पला बढ़ा कोई आदमी नहीं देखा।

(अत्तबकातुल कुबरा ले इब्ने सअद भाग 3 पृष्ठ 85- 86 ''मुसअब बिन उमैर रज़ि दारुल कुतुब अल्इलमिया बेरूत लबनान 1990 ई)

(असदुल ग़ाबह फ़ी मअरफतिस्सहाबा भाग 5 पृष्ठ 175 ''मुसअब बिन उमैर रज़ि" दारुल कुतुब अल्इलमिया बेरूत लबनान 2003 ई)

(सैरुस्सहाबः लेखक शाह मुईनुद्दीन अहमद नदवी भाग 2 मुहाजिरीन हिस्सा अव्वल पृष्ठ 270-275 दारुल इशाअत उर्दू बाज़ार कराची 2004 ई)

(असदुल ग़ाबह फ़ी मअरफतिस्सहाबा भाग 3 पृष्ठ 71 ''हम्ना पुत्री जह्श' दारुल कुतुब अल्इलमिया बेरूत लबनान 2003 ई)

(मुअजमुल बुलादन भाग 2 पृष्ठ 157 प्रकाशन दारे अहया अत्तुरास अल-अरबी बेरूत)

हज़रत मुसअब बिन उमैर रज़ि महान सहाबा में से थे और आरम्भ में ही इस्लाम स्वीकार करने वाले पहले लोगों में शामिल थे। रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम जब दारे अर्क़म में तब्लीग़ किया करते थे उस वक़्त आप ने इस्लाम स्वीकार किया लेकिन अपनी माता और क़ौम के विरोध के भय से उसे छुपा रखा। हज़रत मुसअब रज़ि छुप कर नबी करीम सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम की सेवा में हाज़िर होते रहे। एक बार उस्मान बिन तलहा रज़ि ने उन्हें नमाज़ पढ़ते देख लिया और उनके घर वालों और माता को ख़बर कर दी। माता पिता ने उनको क़ैद कर दिया। आप क़ैद में ही रहे यहां तक कि हिजरत कर के हब्शा चले गए। उनको मौक़ा मिला , बाहर आए और फिर हिजरत कर गए। कुछ समय के बाद कुछ मुहाजरीन हब्शा से मक्का वापस आए तो हज़रत मुसअब बिन उमैर रज़ि भी उनमें शामिल थे। आप की माता ने जब आप की बुरी हालत देखी तो आइन्दा से विरोध तर्क कर दी और बेटे को इस के हाल पर छोड़ दिया। हज़रत मुसअब बिन उमैर रज़ि को दो हिजरतें करने का सौभाग्य नसीब हुआ। आपने पहले हब्शा और बाद में मदीना की तरफ़ की।

(अत्तबकातुल कुबरा ले इब्ने सअद भाग 3 पृष्ठ 86 ''मुसअब बिन उमैर रज़ि",दारुल कुतुब अल्इलमिया बेरूत लबनान 1990 ई)

(असदुल ग़ाबह फ़ी मअरफतिस्सहाबा भाग 5 पृष्ठ 175 ''मुसअब बिन उमैर रज़ि" दारुल कुतुब अल्इलमिया बेरूत लबनान 2003 ई)

हज़रत सअद बिन अबी वकास रज़ि वर्णन करते हैं कि हज़रत मुसअब बिन उमैर रज़ि को मैंने आराम के ज़माना में भी देखा और मुसलमान होने के बाद भी। इस्लाम के लिए उन्होंने इतने दुःख झेले कि मैंने देखा कि उनके जिस्म से शीघ्र इस तरह उतरने लगी थी जैसे साँप की केंचुली उतरती है और नई खाल है।

(अस्सीरतुन्नबविय्या ले इब्ने इसहाक़ पृष्ठ 230 मन अज़्ब फिल्लाह मिनल मोमेनीन, दारुलकुतब अल्इलमिया बेरूत 2004 ई)

ये क़ुर्बानी के ऐसे-ऐसे स्तर थे जो हैरत करने वाले हैं।

एक दिन मुसअब बिन उमैर रज़ि अल्लाह तआला अन्हो रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के पास तशरीफ़ लाए जबकि आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम

अपने सहाबा के पास बैठे हुए थे। इस वक़्त हज़रत मुसअब रज़ि के टुकड़े लगे कपड़ों में चमड़े की टॉकियाँ लगी हुई थीं। कहाँ तो वह उच्च स्तर का लिबास और कहाँ मुसलमान होने के बाद यह हालत कि चमड़े के जोड़ लगे हुए थे। सहाबह रज़ि ने हज़रत मुसअब रज़ि को देखा तो सिर झुका लिए कि वह भी हज़रत मुसअब बिन उमैर रज़ि की तबदीली हालत में कोई मदद नहीं कर सकते थे। हज़रत मुसअब बिन उमैर रज़ि ने आकर सलाम किया। आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने इस का जवाब दिया और इस की उत्तम रूप में प्रशंसा वर्णन फ़रमाई। फिर फ़रमाया कि अलहमदो लिल्लाह दुनियादारों को उनकी दुनिया नसीब हो। मैंने मुसअब रज़ि को इस ज़माना में देखा है जब शहर मक्का में इस से बढ़कर माल तथा दौलत वाला तथा नेअमत वाला कोई न था। यह माता पिता की प्रिय औलाद थी मगर ख़ुदा और इस के रसूल की मुहब्बत ने उसे आज इस हाल तक पहुंचाया है और उसने वह सब कुछ ख़ुदा और इस की प्रसन्नता के लिए छोड़ दिया है।

(अत्तबकातुल कुबरा ले इब्ने सअद भाग 3 पृष्ठ 86 ''मुसअब बिन उमैर रज़ि' दारुल कुतुब अल्इलमिया बेरूत लबनान 1990 ई)

हज़रत अली रज़ि वर्णन करते हैं कि रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने हज़रत मुसअब बिन उमैर रज़ि को देखा तो उनकी वैभव वाली अवस्था को याद कर के रोने लगे जिसमें वह रहा करते थे। जो उनकी पहली हालत थी आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम को याद आई कि किस तरह अब क़ुर्बानी कर रहे हो।

हज़रत अली रज़ि से रिवायत है कि हम रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के साथ मस्जिद में बैठे हुए थे कि हज़रत मुसअब बिन उमैर रज़ि आए। उनके शरीर पर चमड़े की पैवंद लगी हुई एक चादर थी। जब रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने उन्हें देखा तो उनकी उस वैभव वाली अवस्था को याद कर के रोने लगे जिस में वह पहले थे और जिस हालत में वह अब थे। फिर रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने फ़रमाया क्या हाल होगा तुम्हारा उस वक़्त जबकि तुम में से एक शख़्स एक जोड़े में सुब्ह करेगा तो दूसरे जोड़े में शाम करेगा अर्थात इतनी सुविधा पैदा हो जाएगी कि सुबह शाम तुम कपड़े बदला करोगे और फिर आप ने फ़रमाया कि इस के सामने एक बर्तन खाने का रखा जाएगा तो दूसरा उठाया जाएगा अर्थात खाना भी किस्म किस्म का होगा और विभिन्न कोर्सज़ (courses)सामने आते जाऐंगे जिस तरह आज रिवाज है। और तुम अपने मकानों में ऐसे ही पर्दे डालोगे जैसा कि काबा पर पर्दा डाला जाता है। बड़े क़ीमती किस्म के पर्दे इस्तिमाल किए जाऐंगे। यह बिलकुल आजकल के नज़्ज़ारे या इस सुविधा के नज़्ज़ारे हैं जब मुसलमानों को बाद में वे सुविधाएं मिली। सहाबा रज़ि ने निवेदन किया कि हे रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो वसल्लम! क्या हम उस वक़्त आज से बहुत अच्छे होंगे और इबादत के लिए फ़ारिग़ होंगे ऐसी फ़राख़ी होगी, ऐसे हालात होंगे तो फिर इबादत के लिए बिलकुल फ़ारिग़ होंगे और मेहनत और परेशानी से बच जाऐंगे? तो रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने फ़रमाया नहीं बल्कि तुम आज के दिन इन दिनों से बेहतर हो। (सुनन अत्तिरमज़ी अबवाबुस्फ अलकियाम हदीस 2476)तुम्हारी हालत, तुम्हारी इबादतें, तुम्हारे स्तर इस से बहुत बुलंद हैं जो बाद में आने वालों की सुविधाओं की अवस्था में होंगे।

सीरत ख़ातमन्नबिय्यीन में हज़रत मिर्ज़ा बशीर अहमद साहिब रज़ि ने हिजरत हब्शा के बारे में लिखा है इस में से कुछ में पहले दूसरे सहाबा रज़ि के ज़िक्र में वर्णन कर चुका हूँ। संक्षिप्त यहां ज़िक्र कर देता हूँ कि आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के फ़रमाने पर रजब महीने की पाँच नब्वी में ग्यारह मर्द और चार औरतों ने हब्शा की तरफ़ हिजरत की। उनमें हज़रत मुसअब बिन उमैर रज़ि रज़ी अल्लाह तआला अन्हो भी थे। आप लिखते हैं कि यह एक अजीब बात है कि इन आरम्भिक मुहाजिरीन में अधिक संख्या उन लोगों की थी जो क़ुरैश के ताक़तवर क़बीलों से सम्बन्ध रखते थे और कमज़ोर लोग कम-नज़र आते हैं जिस से दो बातों का पता चलता है। प्रथम यह कि ताक़तवर क़बीलों से सम्बन्ध रखने वाले लोग भी क़ुरैश के अत्याचारों से सुरक्षित न थे। दूसरे यह कि कमज़ोर लोग जैसे ग़ुलाम इत्यादि उस वक़्त ऐसी कमज़ोरी और बेबसी की हालत में थे कि हिजरत की भी ताक़त न रखते थे। बहरहाल क़ुरैश मक्का को उन लोगों की हिजरत का जब इल्म हुआ तो वह सख़्त नाराज़ हुए कि यह शिकार मुफ़्त में हमारे हाथ से निकल गया। अत: उन्होंने इन मुहाजिरीन का पीछा किया मगर जब उनके आदमी तट पर पहुंचे तो जहाज़ रवाना हो चुका था और ये लोग नाकाम वापस लौटे। हब्शा में पहुंच कर मुसलमानों को निहायत अमन की ज़िन्दगी प्राप्त हुई और ख़ुदा ख़ुदा कर के क़ुरैश के अत्याचारों से मुक्ति मिली।

(उद्धरित सीरत ख़ातमन्नबिय्यीन लेखक हज़रत साहिबज़ादा मिर्ज़ा बशीर अहमद साहब रज़ि एम ए पृष्ठ 146-147)

बैअत उक़बा औला के अवसर पर मदीना से आए हुए 12 लोगों ने रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के हाथ पर बैअत की। जब ये लोग वापस मदीना जाने लगे तो नबी करीम सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने हज़रत मुसअब बिन उमैर रज़ि को उनके साथ भिजवाया ताकि वे उन्हें क़ुरआन पढ़ाऐं और इस्लाम की शिक्षा दें। मदीना में आप क़ारी और मुक़्री, उस्ताद के नाम से मशहूर हो गए।

(असदुल ग़ाबह फ़ी मअरफतिस्सहाबा भाग 5 पृष्ठ 175-176 ''मुसअब बिन उमैर रज़ि" दारुल कुतुब अल्इलमिया बेरूत लबनान 2003 ई)

(अल्इस्तेयाब फ़ी मअरफतिस्सहाबा भाग 4 पृष्ठ 37 ''मुसअब बिन उमैर रज़ि" दारुल कुतुब अल्इलमिया बेरूत लबनान 2010 ई)

(अस्सीरतुन्नबविय्यी ले इब्ने हिशाम पृष्ठ 199 बाब इरसाल रसूल मुसअब बिन उमैर रज़ि मा वफ़द अलउकबा, दार इब्न हज़म बेरूत लबनान 2009 ई)

मुक़्री अर्थात उस्ताद उस के नाम से मशहूर हो गए। एक दूसरी रिवायत के अनुसार ओस और ख़ज़रज के अन्सार ने रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम की सेवा में निवेदन किया कि कोई व्यक्ति हमें क़ुरआन पढ़ाने के लिए भेजें तो रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने हज़रत मुसअब बिन उमैर रज़ि को भेजा।

(अत्तबकातुल कुबरा ले इब्ने सअद भाग 1 पृष्ठ 171, दारुल कुतुब अल्इलमिया बेरूत लबनान 1990 ई)

मदीना में हज़रत मुसअब रज़ि ने हज़रत असअद बिन ज़ुरारह रज़ि के घर निवास किया। आप नमाज़ों में इमामत के फ़राइज़ भी अंजाम देते थे।

(अस्सीरतुन्नबविय्या ले इब्ने हिशाम पृष्ठ 199 बाब इरसाल रसूल मुसअब बिन उमैर रज़ि मा वफ़द अल-उकबा, दार इब्न हज़म बेरूत 2009 ई)

हज़रत मुसअब रज़ि एक समय तक हज़रत असद बिन ज़ुरारह रज़ि के घर ठहरे रहे हे लेकिन बाद में हज़रत सअद बिन मआज़ रज़ि के घर स्थान्तरित हो गए।

(सैरुस्सहाब: लेखक शाह मुईनुद्दीन अहमद नदवी भाग 2 मुहाजरीन हिस्सा अव्वल पृष्ठ 272 दारुल इशाअत उर्दू बाज़ार कराची 2004 ई)

हज़रत बराअ बिन आज़िब रज़ि से रिवायत है कि नबी करीम सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के मुहाजिर सहाबा में सबसे पहले हमारे पास मदीना तशरीफ़ लाने वाले मुसअब बिन उमैर रज़ि और इब्न उम्मे मक्तूम रज़ि थे। मदीना पहुंच कर इन दोनों सहाबह रज़ि ने हमें क़ुरआन मजीद पढ़ाना शुरू कर दिया। फिर अम्मार रज़ी अल्लाह तआला अन्हो , बिलाल रज़ी अल्लाह तआला अन्हो और सअद रज़ी अल्लाह तआला अन्हो आए और हज़रत उम्र बिन ख़िताब रज़ी अल्लाह तआला अन्हो भी सहाबा को साथ लेकर आए। इस के बाद नबी करीम सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम तशरीफ़ लाए। कहते हैं कि मैंने कभी मदीना वालों को इतना ख़ुश होने वाला नहीं देखा था जितना वे नबी करीम सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के आने पर ख़ुश हुए थे। बच्चियां और बच्चे भी कहने लगे थे कि आप अल्लाह के रसूल हैं। हमारे यहां तशरीफ़ लाए हैं

(सही अल-बुख़ारी किताबुल तफ़सीर अल-क़ुरआन बाब सूरत आला हदीस 4941)

सीरत ख़ातमन्नबिय्यीन में हज़रत मिर्ज़ा बशीर अहमद साहिब रज़ि हज़रत मुसअब बिन उमैर रज़ि के बारे में और अधिक वर्णन करते हैं कि

''दारे अर्क़म में जो व्यक्ति ईमान लाए वे भी साबक़ीन में गिने जाते हैं। उनमें से ज़्यादा मशहूर ये हैं। प्रथम मुसअब बिन उमैर रज़ि अल्लाह तआला अन्हो जो बनू अब्दुल दार में से थे और बहुत सुन्दर और हसीन थे और अपने ख़ानदान में निहायत प्रिय तथा महबूब समझे जाते थे। यह वही नौजवान बुज़ुर्ग हैं जो हिजरत से पहले यसरिब में पहले इस्लामी मुबल्लिग़ बना कर भेजे गए और जिनके द्वारा मदीना में इस्लाम फैला।

(सीरत ख़ातमन्नबिय्यीन लेखक हज़रत साहिबज़ादा मिर्ज़ा बशीर अहमद साहिब रज़ि एम ए पृष्ठ 129)

फिर एक सीरत की किताब में लिखा है कि हज़रत मुसअब बिन उमैर रज़ि मदीना में पहले आदमी थे जिन्हों ने हिजरत से पहले जुम्अ: पढ़ाया। हज़रत मुसअब रज़ी अल्लाह तआला अन्हो ने बैअत उक़बा सानिया से पहले रसूलुल्लाह

सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम की सेवा में मदीना में नमाज़ जुम्अ: के लिए इजाज़त मांगी । हुज़ूर सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने इजाज़त दी। हज़रत मुसअब बिन उमैर रज़ि ने मदीना में हज़रत सअद बिन ख़ीसमह रज़ि के घर पहला जुम्अ: पढ़ाया। इस में मदीना के 12 लोग शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने एक बकरी ज़िबह की। हज़रत मुसअब बिन उमैर रज़ि इस्लाम में पहले शख़्स थे जिन्होंने जुम्अ: की नमाज़ पढ़ाई। लेकिन एक रिवायत दूसरी भी है जिसके अनुसार हज़रत अबू उमामा असद बिन ज़ुरारह रज़ि थे जिन्होंने मदीना में पहला जुम्अ: पढ़ाया

(अत्तबकातुल कुबरा ले इब्ने सअद भाग 3 पृष्ठ 87-88 ''मुसअब बिन उमैर रज़ि' दारुल कुतुब अल्इलमिया बेरूत लबनान 1990 ई)

(अत्तबकातुल कुबरा ले इब्ने सअद भाग 1 पृष्ठ 171 बाब ज़िक्र अल-उकबुतस ऊला इसना अशरा, दारुल कुतुब अल्इलमिया बेरूत लबनान 1990 ई)

बहरहाल हज़रत मुसअब रज़ि पहले मुबल्लिग़ थे। हज़रत मुसअब रज़ी अल्लाह तआला अन्हो हज़रत असद बिन ज़ुरारा को साथ लेकर अन्सार के विभिन्न मुहल्लों में तब्लीग़ के लिए जाते थे। हज़रत मुसअब रज़ि की तब्लीग़ से बहुत से सहाबा मुसलमान हुए जिन में बड़े सहाबा जैसे हज़रत सअद बिन मआज़ रज़ि , हज़रत अबाद बिन बिशर, हज़रत मुहम्मद बिन मुसल्मा रज़ि, हज़रत उसीद बिन हुज़ैर रज़ि इत्यादि शामिल थे।

(अस्सीरतुन्नबविय्यी ले इब्ने हिशाम पृष्ठ 200 बाब 1, दार इब्न हज़म बेरूत 2009 ई)

(अत्तबकातुल कुबरा ले इब्ने सअद भाग 3पृष्ठ 321... दारुल कुतुब अल्इलमिया बेरूत लबनान 1990 ई)

हज़रत मुसअब रज़ि की तब्लीग़ी चेष्ठाओं और कोशिशों का वर्णन करते हुए हज़रत मिर्ज़ा बशीर अहमद साहिब रज़ि ने इस प्रकार वर्णन फ़रमाया है कि

''मक्का से विदा होते हुए इन 12 नौ मुसलमानों ने निवेदन किया कि कोई इस्लामी मुअल्लिम हमारे साथ भेजा जाए जो हमें इस्लाम की शिक्षा दे और हमारे मुशरिक भाईयों को इस्लाम की तब्लीग़ करे। आप ने मुसअब बिन उमैर रज़ि को जो क़बीला अब्दुल दार के एक निहायत मुख़लिस नौजवान थे उनके साथ रवाना कर दिया। इस्लामी मुबल्लिग़ इन दिनों में क़ारी या मुकरी कहलाते थे क्योंकि उनका काम अधिकतर क़ुरआन शरीफ़ सुनाना था क्योंकि यही तब्लीग़े इस्लाम का बेहतरीन माध्यम था। अत: मुसअब रज़ि भी यसरब में मुकरी के नाम से मशहूर हो गए। मुसअब रज़ि ने मदीना पहुंच कर असअद बिन ज़ुरारह रज़ि के मकान पर निवास किया जो मदीना में सबसे पहले मुसलमान थे और वैसे भी एक निहायत मुख़लिस और प्रभावकारी बुज़ुर्ग थे और इसी मकान को अपना तब्लीग़ी मर्कज़ बनाया और अपने फ़राइज़ की अदायगी में रात दिन व्यस्त हो गए और चूँकि मदीना में मुसलमानों को सामूहिक ज़िनद्गी नसीब थी और थी भी तुलनात्मक रूप से अमन की ज़िनद्गी, इसलिए असअद बिन ज़रारह रज़ि के परामर्श पर आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने मुसअब रज़ि बिन उमैर रज़ि को जुम्अ: की नमाज़ की हिदायत फ़रमाई। इस तरह मुसलमानों की सामूहिक ज़िन्दगी का आरम्भ हो गया और अल्लाह तआला का ऐसा फ़ज़ल हुआ कि थोड़े ही समय में मदीना में घर-घर इस्लाम का चर्चा होने लगा और ओस तथा ख़ज़रज बड़ी तेज़ी के साथ मुसलमान होने शुरू हो गए। कई अवस्थाओं में तो एक क़बीले का क़बीला एक दिन में ही सब का सब मुसलमान हो गया। अत: बनू अब्दाल का क़बीला भी इसी तरह एक ही वक़्त में इकट्ठा मुसलमान हुआ था। यह क़बीला अन्सार के मशहूर क़बीला ओस का एक मुमताज़ हिस्सा था और इस के रईस का नाम सअद बिन मआज़ था जो सिर्फ क़बीला बनू अब्दुल शहल के ही बड़े रईस न थे बल्कि सारे क़बीला ओस के सरदार थे। जब मदीना में इस्लाम का चर्चा हुआ तो सअद बिन मआज़ को यह बुरा मालूम हुआ और उन्होंने उसे रोकना चाहा। इस्लाम लाने से पहले यह सअद बिन मआज़ रज़ि बड़े विरोधी थे। ''मगर असअद बिन ज़रारा से उनकी बहुत क़रीब की रिश्तेदारी थी अर्थात वह एक दूसरे के ख़लेरे ज़ाद भाई थे और असअद मुसलमान हो चुके थे। इसलिए सअद बिन मआज़ ख़ुद सीधा दख़ल देते हुए रुकते थे कि कोई बुरा प्रभाव पैदा ना हो जाए। अत: उन्होंने अपने एक दूसरे रिश्तेदार उसीद बिन अलहज़ीर से कहा कि असद बिन ज़रारा के कारण से मुझे तो कुछ रोक है। मुसलमान हो गया है और इस के हाँ तब्लीग़ का साथ भी दे रहा है। ''मगर तुम जाकर मुसअब रज़ि को रोक दो । बजाय असअद बिन ज़रारह रज़ि को रोकने के हज़रत मुसअब रज़ि को रोक दो ''कि हमारे लोगों में यह बेदीनी ना फैलाईं और असद से भी कह दो कि यह तरीक़ा अच्छा नहीं है। उसीद क़बीला अब्दुल अशहल के बड़े रईसों में से थे। यहां तक कि उनका बाप जंग बुआस में सारे ओस का सरदार रह चुका था और सअद बिन मआज़ के बाद उसैद बिन अलहज़ीर का भी अपने क़बीला पर बहुत असर था। अत: सअद के कहने पर वह मुसअब बिन उमैर रज़ि और असअद बिन ज़रारा के पास गए और मुसअब से सम्बोधित हो कर ग़ुस्सा के अन्दाज़ में कहा। तुम क्यों हमारे आदमियों को बेदीन करते फिरते हो? इस से रुक जाओ वर्ना अच्छा न होगा। इस से पहले कि मुसअब कुछ जवाब देते असद ने धीरे से मुसअब से कहा कि यह अपने क़बीला के एक प्रभावकारी रईस हैं। उनसे बहुत नर्मी और मुहब्बत से बात करना। अत: मुसअब ने बड़े अदब और मुहब्बत के रंग में उसैद से कहा कि आप नाराज़ न हों बल्कि मेहरबानी फ़र्मा कर थोड़ी देर पधारें और ठंडे दिल से हमारी बात सुन लें और इस के बाद कोई राय क़ायम करें। उसैद इस बात को माक़ूल समझ कर गए।'' नेक फितरत थे, "और मुसअब ने उन्हें क़ुरआन शरीफ़ सुनाया और बड़ी मुहब्बत के रंग में इस्लामी शिक्षा से सूचित किया। उसैद पर इतना असर हुआ कि वहीं मुसलमान हो गए और फिर कहने लगे कि मेरे पीछे एक ऐसा शख़्स है कि जो अगर ईमान ले आया तो हमारा सारा क़बीला मुसलमान हो जाएगा। तुम ठहरो में उसे अभी यहां भेजता हूँ। यह कह कर उसैद उठकर चले गए और किसी बहाना से सअद बिन मआज़ को मुसअब बिन उमैर रज़ि और असअद बिन ज़रारा की तरफ़ भिजवा दिया। सअद बिन मआज़ आए और बड़े क्रोधित हो कर असअद बिन ज़रारा से कहने लगे कि देखो असअद तुम अपनी रिश्तेदारी का नाजायज़ फ़ायदा उठा रहे हो और यह ठीक नहीं है।" अभी मैं रिश्तेदारी की वजह से चुप हूँ लेकिन नाजायज़ फ़ायदा न उठाओ। "इस पर मुसअब रज़ि ने इसी तरह नरमी और मुहब्बत के साथ उनको ठंडा किया।" जैसे पहले को किया था "और कहा कि आप ज़रा थोड़ी देर तशरीफ़ रखकर मेरी बात सुन लें और फिरा अगर इस में कोई चीज़ आरोप योग्य हो तो (बे-शक रद्द कर दें। सअद ने कहा। हाँ यह बात तो उचित है और अपना नेज़ा टेक कर बैठ गए और मुसअब रज़ि ने इसी तरह पहले क़ुरआन शरीफ़ की तिलावत की और फिर अपने दिलकश रंग में इस्लामी उसूल की व्याख्या की। अभी ज़्यादा देर न गुज़री थी कि यह बुत भी राम हो था।" अर्थात सअद बिन मआज़ रज़ि जो थे वह भी ये बातें सुन के राम हो गए।" अत: सअद ने सुनत के तरीका पर ग़ुसल कर के कलिमा शहादत पढ़ दिया और फिर उस के बाद सअद बिन मआज़ और उसैद बिन अलहज़ीर दोनों मिलकर अपने क़बीला वालों की तरफ़ गए और सअद रज़ि ने उनसे मख़सूस अरबी अंदाज़ में पूछा कि हे बनी अब्दुल अशहल तुम मुझे कैसा जानते हो? सब ने एक ज़बान हो कर कहा कि आप हमारे सरदार और सरदार इब्न सरदार हैं और आपकी बात पर हमें कामिल भरोसा है। सअद ने कहा तो फिर मेरे साथ तुम्हारा कोई सम्बन्ध नहीं जब तक तुम अल्लाह और इस के रसूल पर ईमान न लाओ। इस के बाद सअद ने उन्हें इस्लाम के उसूल समझाए और अभी उस दिन पर शाम नहीं आई थी कि सारा क़बीला मुसलमान हो गया और सअद रज़ि अल्लाह तआला अन्हो और उसैद रज़ि ने ख़ुद अपने हाथ से अपनी क़ौम के बुत निकाल कर तोड़े।

सअद बिन मआज़ रज़ी अल्लाह तआला अन्हो और उसैद बिन अल-हुज़ेर रज़ि जो उस दिन मुसलमान हुए दोनों चोटी के सहाबा में शामिल होते हैं और अन्सार में तो' हज़रत मिर्ज़ा बशीर अहमद साहिब रज़ि लिखते हैं कि "अन्सार में तो निसन्देह उनका बहुत ही ऊंचा स्थान पाया था। कोई शक नहीं इस में, बहुत बुलंद थे। "शि, रूप से सअद बिन मअज़ रज़ि को तो अन्सार मदीना में वह पोज़ीशन हासिल हुई जो मुहाजरीन में हज़रत अबू बकर रज़ि को प्राप्त थी। यह नौजवान निहायत दर्जा मुख़लिस, निहायत दर्जा वफ़ादार और इस्लाम और इस्लाम के संस्थापक का एक निहायत जान कुरबान करने वाला आशिक़ निकला और चूँकि वह अपने क़बीला का बड़ा रईस भी था और निहायत ज़हीन था इस्लाम में उसे वह सम्मान हासिल हुई जो सिर्फ ख़ास बल्कि ख़ास सहाबा को हासिल था और "हज़रत मिर्ज़ा बशीर अहमद साहिब रज़ि लिखते हैं कि "और निसन्देह। इस की जवानी की मौत पर आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम का यह उपदेश कि सअद रज़ि की मौत पर तो रहमान का अर्श भी हरकत में आ गया है। एक गहरी सच्चाई पर आधारित था। अत: इस तरह केज़ी के साथ ओस तथा ख़ज़रज में इस्लाम फैलता गया। यहूद ख़ौफ़ भरी आँखों के साथ यह नज़्ज़ारे देखते थे और दिल ही दिल में यह कहते थे कि ख़ुदा जाने क्या होने वाला है।"

(सीरत ख़ातमन्नबिय्यीन लेखक हज़रत साहिबज़ादा मिर्ज़ा बशीर अहमद साहिब रज़ि एम-ए पृष्ठ 224 से 227)

हज़रत मुसअब रज़ी अल्लाह तआला अन्हो की तब्लीग़ से बहुत से लोग मुसलमान हुए। आप सन 13 नबवी में हज के अवसर पर मदीना से 70 अन्सार का वफ़द लेकर मक्का रवाना हुए। इस का ज़िक्र करते हुए सीरत ख़ातमन्नबिय्यीन में, विभिन्न रिवायतों से लेकर ,हज़रत मिर्ज़ा बशीर अहमद साहिब रज़ि ने यह लिखा है कि

''अगले साल अर्थात 13 नबवी के ज़ील हजा के महीना में हज के अवसर पर ओस और ख़ज़रज के कई सौ आदमी मक्का में आए। उनमें 70 आदमी ऐसे शामिल थे जो या तो मुसलमान हो चुके थे और या अब मुसलमान होना चाहते थे और आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम से मिलने के लिए मक्का आए थे। मुसअब रज़ि बिन उमैर रज़ि भी उनके साथ थे। मुसअब रज़ि की माँ ज़िन्दा थी और यद्यपि मुशरिका थी मगर उनसे बहुत मुहब्बत करती थी। जब उसे उनके आने की ख़बर मिली तो उसने उनको कहला भेजा कि पहले मुझ से आकर मिल जाओ फिर कहीं दूसरी जगह जाना। मुसअब रज़ि ने जवाब दिया कि मैं अभी तक रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम से नहीं मिला। आप से मिलकर फिर तुम्हारे पास आऊँगा। अत: वह आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के पास हाज़िर हुए। आप से मिलकर और ज़रूरी हालात निवेदन कर के फिर अपनी माँ के पास गए। " यह बात सुन कर, यह देखकर कि पहले मुझे मिलने नहीं आए "वह बहुत जली भुनी बैठी थी। उनको देखकर बहुत रोई और बड़ा शिकवा किया। मुसअब रज़ि ने कहा माँ मैं तुम से एक बड़ी अच्छी बात कहता हूँ जो तुम्हारे लिए बहुत ही लाभदायक है और सारे झगड़ों का फ़ैसला हो जाता है। उस ने कहा वह क्या है? मुसअब रज़ि ने धीरे से जवाब दिया। बस यही कि बुत की पूजा छोड़ कर मुसलमान हो जाओ और आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम पर ईमान ले आओ। वह पक्की मुशरिका थी सुनते ही शोर मचा दिया कि मुझे सितारों की क़सम है मैं तुम्हारे धर्म में कभी दाख़िल न होंगी और अपने रिश्तेदारों को इशारा किया कि मुसअब रज़ि को पकड़ कर क़ैद कर लें मगर वह भाग कर गए।"

(सीरत ख़ातमन्नबिय्यीन लेखक हज़रत साहिबज़ादा मिर्ज़ा बशीर अहमद साहिब रज़ि एम ए पृष्ठ 227)

हज़रत मुसअब बिन उमैर रज़ि के ज़िक्र में अभी कुछ वर्णन बाकी है जो जारी रहेगा लेकिन क्योंकि आज दो जनाज़ा ग़ायब हैं जो मैं पढ़ाऊंगा। उनका ज़िक्र भी करना है। इसलिए यहां मैं हज़रत मुसअब रज़ि का ज़िक्र ख़त्म करता हूँ। इंशा अल्लाह अगले ख़ुत्बा में वर्णन होगा।

जो जनाज़े पढ़ाने हैं उनमें से एक अदरमीण मलिक मुनव्वर अहमद जावेद साहिब इब्न आदरणीय मलिक मुज़फ़्फ़र अहमद साहिब हैं जो 22 फरवरी को 84 साल की उम्र में वफ़ात पा गए। इन्ना लिल्लाह वा इन्ना इलैहि राजेऊन। उनको एक अर्से से जिगर की तकलीफ़ थी जिसकी वजह से दस दिन ताहिर हार्ट में इलाज होता रहा इस के बाद आप अल्लाह तआला के समक्ष हाज़िर हो गए। मरहूम मूसी थे। पीछे रहने वालों में पत्नी के इलावा चार बेटे और दो बेटियां हैं। मलिक मुनव्वर अहमद जावेद साहिब के दादा (सूबेदार मेजर हज़रत डाक्टर ज़फ़र हस्न साहिब रज़ि थे और उनके नाना हज़रत शैख़ अब्दुल करीम साहिब रज़ि थे जिनका सम्बन्ध ग़ाज़ीपुर ज़िला गुरदासपुर से था और दादा जो थे वह धर्मकोट रंधावा के थे। दोनों बुज़ुर्गों ने अर्थात दादा और नाना ने हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम के हाथ पर बैअत की और सहाबी होने का सौभाग्य पाया। मलिक मुनव्वर जावेद साहिब की शादी 1968 ई में सलमा जावेद साहिबा से हुई जो सूफ़ी हामिद साहिब मरहूम की बेटी थीं। हज़रत हाफ़िज़ सूफ़ी ग़ुलाम मुहम्मद साहिब रज़ि मुबल्लिग़ मारीशस सहाबी हज़रत मसीह मौऊद की पोती इसी तरह हज़रत डाक्टर ज़फ़र हस्न साहिब रज़ि सहाबी हज़रत मसीह मौऊद की नवासी हैं। हज़रत सूफ़ी ग़ुलाम मुहम्मद साहिब मिबल्लिग़ मारीशस हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम के तीन सौ तेरह सहाबा में से थे। इस तरह मुल्क मुनव्वर जावेद साहिब के दादा और नाना और उन की पत्नी के दादा और नाना चारों अल्लाह तआला के फ़ज़ल से सहाबी थे।

अपनी ज़िन्दगी वक़्फ़ करने के बारे में ज़िक्र करते हुए मलिक साहिब ने एक अवसर पर कहा कि वक़्फ़ का ध्यान मुझे इस तरह पैदा हुई कि जब में 1982 ई के अन्सारुल्लाह के इज्तिमा में हज़रत ख़लीफ़तुल मसीह अल-राबे रहमहुल्लाह की तक़रीर सुन रहा था तो हुज़ूर ने अपनी तक़रीर में वक़्फ़ के महत्व का वर्णन किया और तक़रीर के अन्त पर यह वाक्य कहा जिसका अभिप्राय यह था कि क्या तुम नहीं चाहते कि तुम्हारा आख़िरी सांस वक़्फ़ में निकले। कहते हैं यह वाक्य जो था यह मेरे लिए एक turning point था। मैं सोचता रहा कि क्या मैं भी वक़्फ़ कर सकूँगा। बहरहाल उस के बाद उन्होंने अपने आप को वक़्फ़ के लिए पेश करने का फ़ैसला किया और 10 अगस्त 1983 ई को उन्होंने हज़रत ख़लीफ़तुल मसीह अल-राबे रहमहुल्लाह की सेवा में वक़्फ़ ज़िन्दगी का निवेदन किया जिस पर हुज़ूर रहेमहुल्लाह ने 18 अगस्त 1983 ई को आपका वक़्फ़ स्वीकार फ़रमाया और वक़्फ़ मंज़ूर फ़रमाते हुए यह इरशाद फ़रमाया कि आप अपना काम समेट कर बेशक आ जाऐं। इस वक़्त यह अपना कारोबार भी करते थे। हज़रत ख़लीफ़तुल मसीह अलराबे ने 28 अगस्त 1983 ई को आपका आरम्भिक तक़र्रुर किया जो वकालत सनअत तथा तिजारत में था। तथा 1 अक्तूबर 1983 ई से आप वकालत सनअत तथा तिजारत में हाज़िर हो गए। वक़्फ़ से पहले आपने आरम्भिक 16 साल सेक्रिटेरियट हकूमत पंजाब में सर्विस की। इस के बाद लगभग दस साल व्यक्तिगत कारोबार करते नवम्बर 1983 ई में आप मैनेजर रिसाला रिव्यू आफ़ रेलीजिंज़ निर्धारित हुए। 1984 ई में मुआविन नाज़िर ज़यााफ़त मुक़र्रर हुए। 20 अप्रैल 1987 ई से जुलाई 2016 ई तक बतौर नायब नाज़िर ज़यााफ़त फ़राइज़ अदा करने की तौफ़ीक़ मिली। 1990 ई में जब कमेटी कफ़ालत यकसद यतामा स्थापित हुई तो कफ़ालत यकसद यतामा की कमेटी के पहले सैक्रेटरी निर्धारित हुए और लगभग बीस साल तक आपको इस सेवा की तौफ़ीक़ मिली। 1968 ई से 1970 ई तक मजलिस ख़ुद्दामुल अहमदिया पाकिस्तान में बतौर क़ाइद ज़िला और इलाक़ा लाहौर रहे और यह लगभग दस साल का अरसा सेवा का बनता है। अन्सारुल्लाह में 1984 ई से 2014 ई तक उनको सेवा का मौक़ा मिला। 1984 ई से 2014 ई इकत्तीस साल तक अन्सारुल्लाह पाकिस्तान में क़ाइद तहरीक जदीद, क़ाइद तर्बीयत और क़ाइद इशाअत और फिर यह आख़िरी पाँच साल नायब सदर मज्लिस अन्सारुल्लाह पाकिस्तान सेवा की तौफ़ीक़ मिली।

जब यह सरकारी नौकरी करते थे तो उस समय की घटना वर्णन करते हुए एक बार मलिक साहिब ने कहा कि सर्विस के दौरान हमारे एक इंचार्ज थे। बड़ा द्वेष रखने वाले इन्सान थे और अक्सर अपने मौलवियों को मेरे पास मुबाहिसा के लिए लाते थे। इस तरह एक बार वह अल्लामा प्रोफ़ैसर ख़ालिद महमूद साहिब को लाए जो उस वक़्त के बड़े माहिर आलिम थे। उनसे मुबाहिसा शुरू हुआ। जब इन आलम साहिब से कोई बात न बन पड़ी तो उन्होंने ग़ुस्सा में गालियां देना शुरू कर दीं जो आम मौलवियों का तरीक़ा है। तो कहते हैं कि मेरे जो अफ़्सर इंचार्ज थे वह डर गए कि कहीं मामला ख़राब ही ना हो जाए। इस पर इन अल्लामा साहिब ने मेरे इंचार्ज को जिनका नाम अब्दुर रहमान था, हौसला देने के लिए कहा कि, मौलवी-साहब के शब्द बड़े ऐसे हैं जो दिल से यह यक़ीन रखते हैं कि जमाअत के लोगों का अल्लाह तआला के साथ सम्बन्ध है। कहते हैं कि मौलाना साहिब ने कहा कि , इन लोगों ने ख़ुदा , रसूल और किताब अर्थात कलामे इलाही पर इतने ज़ुल्म किए कि अल्लाह उनको हलाक कर देता अर्थात कि अल्लाह तआला पर, रसूल पर और क़ुरआन करीम पर अहमदियों ने इतने ज़ुल्म किए हैं कि अल्लाह तआला उनको हलाक कर देता लेकिन क्यों हलाक नहीं किया? मौलाना साहिब कहने लगे ये हर बार इस वजह से बच जाते हैं। ये क्यों बच जाते हैं ?क्योंकि ये अपनी नमाज़ों में ख़ूब रोते हैं। तो मलिक साहिब कहते हैं कि मैंने उनसे कहा। अल्लामा साहिब यह बात आप मुझे लिख कर दे दें। कहने लगे क्यों? पंजाबी में कहने लगे कि 'इज में लिख देवाँ तय कल तुसी अख़बार विच छपवा देवोगे। तो मतलब यही है कि उनको यह स्वीकार करना पड़ा कि अहमदियों का रोना दोना जो है वह हर वक़त उनके काम आता है और अल्लाह तआला उनकी सुनता है। इस के बावजूद कि हम ग़लत हैं फिर भी यह यक़ीन है कि अल्लाह तआला हमारी सुनता है। अल्लाह तआला उन लोगों की आँखें भी खोले और क़ौम को जो उन्होंने ग़लत रस्ते पर डाला हुआ है, ग़लत रहनुमाई कर रहे हैं तो अल्लाह तआला क़ौम को उनके धोखे और फ़रेबों से बचाए।

हमारे मुआविन नाज़िर ज़यााफ़त उसामा अज़हर साहिब हैं। कहते हैं कि मलिक मुनव्वर अहमद जावेद साहिब उच्च स्तर की इंतिज़ामी सलाहीयतों के मालिक थे। रातों को उठकर दारुल ज़यााफ़त का चक्कर लगाते। कारकुनों से जायज़ा लेते और मौसम के अनुसार उनके लिए चाय और अंडों इत्यादि का प्रबन्ध करवाते। कारकुनाने दारुल ज़यााफ़त से उनका बहुत मुहब्बत, शफ़क़त और हमदर्दी का

व्यवहार था। हर कारकुन के घरेलू हालात से बाख़बर रहते और ख़ामोशी से हर संभव माली मदद भी करते।

उनके दामाद नदीम साहिब कहते हैं और भांजे भी हैं कि मलिक साहिब ने एक बार उनको कहा एक पहली बात तो यह है कि मुझे हमेशा नमाज़ों की तहरीक करते और ख़िलाफ़त से मुहब्बत और धर्म की सेवा की नसीहत करते रहते थे। कहते हैं उन्होंने एक बार मुझे बताया कि रिटायरमैंट के बाद एक दिन मैंने फ़ैसला किया कि चूँकि मैं रिटायर्ड हो गया हूँ इसलिए तौई चंदों को आधा कर देता हूँ। आमद, इलाउंस जो है वह अब कम हो गया है अत: मैंने अपने वादों की लिस्ट बनाई और सो गया। रात को कहते हैं मैं ने ख़्वाब में देखा कि अल्लाह तआला मेरे पास आया है और अल्लाह तआला ने कहा कि मैं सारे संसार का ख़ुदा हूँ। सुना है कि तुमने अपने चंदे आधे कर दिए हैं। आओ मैं तुम्हें अपनी कायनात की सैर कराऊँ। अत: अल्लाह तआला ने मुझे ख़्वाब में अपने पहाड़ दिखाए, जंगल वादियां दरिया और बाग़ा दिखाए और कहा कि जब सब का मैं मालिक हूँ तो तुम्हें किस बात की फ़िक्र। कहते हैं यहां तक यह बात मैंने सुनी और मेरी आँख खुल गई और मैंने जो चंदे आधे करने का फ़ैसला किया था वह छोड़ दिया और अपने चंदे बाक़ायदा इस तरह अदा करने शुरू दिए।

उनकी बेगम बताती हैं कि वक़्फ़ ज़िन्दगी से पहले जब यह कारोबार किया करते थे तो बहुत सी रक़म जेब में डाल कर चादर ओढ़ कर सर्दीयों की रातों को सड़क पर निकल जाया करते थे और कहते थे उस वक़्त ज़रूरत मंद मिलेगा तो वह हक़ीक़त में बहुत ज़रूरतमंद होगा। अत: एक बार एक आदमी खड़ा था जो बहुत परेशान था और उसने बताया कि इस की माता बहुत सख़्त बीमार है और इस के पास पैसे नहीं हैं। उन्होंने वे सारे पैसे उस को दे दिए और वापस घर आ गए।

आसिफ़ मजीद साहिब मुआविन नाज़िर ज़याफ़त हैं, मुरब्बी हैं। कहते हैं कि कई बार भीड़ ज़्यादा होने की अवस्था में मेहमानों को रिहायश की परेशानी होती थीं और कुछ मेहमान तो सब के सामने और दफ़्तर में आकर भी कई बार सख़्त बातें और शब्द कह देते थे मगर मरहूम बड़ा मुस्कुरा कर सारी बात सुनते और कई बार तो कहते हैं मैंने उन्हें हाथ जोड़ कर माफ़ी मांगते हुए भी देखा है। तो मरहूम जिन मेहमानों से माफ़ी मांग रहे होते उनमें से कई उनके बच्चों की उम्र के भी होते थे। एक बार मैंने मेहमानों के जाने के बाद इज़हार किया कि मलिक साहिब मुझे बहुत तकलीफ़ हुई है कि आपने इस बच्चे से हाथ जोड़ कर माफ़ी मांगी है। तो कहने लगे तुम्हें क्यों तकलीफ़ हुई है? हाथ तो मैंने जोड़े हैं तुमने नहीं। और याद रखो कि जिसके ये मेहमान हैं अर्थात हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम वह तो मेहमानों को मनाने के लिए नंगे-पाँव भाग कर मेहमानों को राज़ी कर के वापस लाए थे।

फिर आसिफ़ साहिब कहते हैं कि एक बार ख़ाकसार उनके दफ़्तर में बैठा हुआ था। उन्होंने एक घटना सुनाई कि एक दिन एक बुज़ुर्ग बहुत ग़ुस्सा से मेरे दफ़्तर में दाख़िल हुए और पंजाबी में मलिक साहिब से सम्बोधित हो कर कहा कि तुम मल्क मुनव्वर जावेद हो। तूं ई मलिक मुनव्वर जावेद एं'। मलिक साहिब कहने लगे कि मैं ही मलिक मुनव्वर जावेद हूँ। तो बुज़ुर्ग मेहमान सम्बोधित हुए और कहने लगे पंजाबी में कि "तेरे पियो दा लंगर ख़ाना ए"। तुम्हारे बाप का यह लंगर ख़ाना है? मलिक साहिब ने जवाब दिया कि नहीं बाबा जी। यह तो हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम का लंगर ख़ाना है। मेरे और आपके साझे बाप का लंगर ख़ाना है। यह जवाब सुन कर वह बुज़ुर्ग सन्तुष्ट हो गए और बड़े आराम से और मुहब्बत से अपना मामला वर्णन किया और चले गए।

